an>

title: Need to set up a SAI Training Centre in Satna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

श्री गणेश सिंह **(सतना) :** महोदय, आपके माध्यम से मैं भारत सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र सतना (म0प्र0) के शासकीय महाविद्यालय साई (एस.ए.आई.) प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने के संबंध में आकृष्ट कराना चाहता हूं।

महोदय, दिनांक 2 दिसंबर, 2014 को तारांकित प्रश्न संख्या 121 में मैंने अपने संसदीय क्षेत्र सतना में खेलकूद संबंधित इफ्रास्ट्रक्चर और प्रशिक्षण सुविधा देने हेतु अनुपूरक प्रश्न पूछा था जिसके जवाब में मुझे मंत्री जी ने आश्वस्त किया था कि सतना में खेलकूद को बढ़ावा देते हुए ऐसी प्रतिभाओं को खोजकर उनको उचित प्रशिक्षण देने के लिए साई प्रशिक्षण केन्द्र खोला जाएगा, किन्तु अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई।

अतः सदन के माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से आग्रह है कि यथाशीघ्र मेरे संसदीय क्षेत्र सतना (म0प्र0) की यह मांग पूरी की जाए।